दिनांक : 12.04.2025 समय : 02.10pm

आकाशवाणी मध्यप्रदेष

विक्रमादित्य महानाट्य

महान सम्राट विक्रमादित्य, विक्रम संवत् और देश के गौरवशाली इतिहास में उनके योगदान से देश को अवगत कराने के लिए सम्राट विक्रमादित्य पर केंद्रित महानाट्य का मंचन आज से 14 अप्रैल तक नई दिल्ली के लाल किले में माधवदास पार्क में होगा। उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ आज शाम को सात बजे "विक्रमोत्सव" में सांस्कृतिक उत्सव का शुभारंभ करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, नई दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और केंद्रीय पर्यटन और संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत समारोह में मौजूद रहेंगे।

महानाट्य में विक्रमादित्य के जन्म से लेकर सम्राट बनने तक की सभी गाथाएं शामिल की गई है। महानाट्य में 125 कलाकारों और 50 अन्य सहयोगियों के माध्यम से इसे प्रस्तुत किया जायेगा। नाटक के दृश्यों का सजीव बनाने के लिए घोड़े, रथ, पालकी और ऊंट आदि का इस्तेमाल किया गया है। महानाट्य के साथ लाल क़िले पर विक्रमादित्य और अयोध्या, विक्रमादित्य क़ालीन पुरातात्विक मुद्रा मुद्रांक, वृहत्तरभारत के सांस्कृतिक वैभव, मध्यप्रदेश में पर्यटन की संभावनाओं, प्रदेश में निवेश तथा रोज़गार सृजन के अवसरों में लोकव्यापीकरण के प्रयासों पर केंद्रित प्रदर्शनियां भी लगाई गई हैं। साथ ही दिल्ली के निवासी फूड कोर्ट में मध्यप्रदेश के स्थानीय व्यंजनों का स्वाद भी चख सकेंगे।

सहकारिता सम्मेलन

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह के मुख्य आतिथ्य और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में कल राजधानी भोपाल के रवीन्द्र भवन सभागार में अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष–2025 के अंतर्गत होने वाले राज्य स्तरीय सहकारी सम्मेलन होगा। सम्मेलन में सांसद वी. डी. शर्मा विशेष अतिथि होंगे। सम्मेलन की तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। सम्मेलन में सहकारिता के क्षेत्र में मध्यप्रदेश की उपलब्धियों एवं नवाचारों को प्रदर्शित किया जाएगा। इस अवसर पर

प्रदेश में प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों के व्यवसाय विविधीकरण के अंतर्गत हुए प्रयासों की लघु फिल्मों के माध्यम से प्रस्तुति दी जाएगी।

हनुमान जयंती

हनुमान जयंती के मौके पर आज राजधानी भोपाल समेत प्रदेश भर के हनुमान मंदिरों में विशेष पूजा–अर्चना और अन्य कार्यक्रम आयोजित किए जा रहा हैं। आगरमालवा जिले के हनुमान मंदिरों पर सूर्योदय के साथ ही हनुमानजी का पूजन कर आरती उतारी गई। भोपाल के प्रमुख हनुमान मंदिरों में विशेष धार्मिक आयोजन किए जो रहे हैं। भक्तों द्वारा भगवान हनुमान जी को सिंदूर और चोला चढ़ाकर उनकी विशेष पूजा अर्चना की जा रही है। संस्कारधानी जबलपुर में सुबह से ही शहर और ग्रामीण अंचल के हनुमान मंदिरों में पूजन–अर्चन का दौर जारी है। नर्मदापुरम, पचमढ़ी समेत प्रदेश के अनेक स्थानों पर अखंड रामायण पारायण, छप्पनभोग, सुन्दरकाण्ड, हवन–पूजन, अनुष्ठान, शोभायात्राएं और भंडारे सहित धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किये जा रहे हैं।

हज तैयारी

अल्पसंख्यक मामलों के मंत्रालय में सचिव डॉ. चंद्र शेखर कुमार हज 2025 की तैयारियों की समीक्षा करने के लिए सऊदी अरब की यात्रा पर हैं। उन्होंने तीर्थयात्रा के सुचारू अनुभव के लिए सुनिश्चित की जा रही स्वच्छ, तनाव मुक्त रहने की सुविधाओं पर संतोष व्यक्त किया। एक सोशल मीडिया पोस्ट में अल्पसंख्यक मामलों के मंत्रालय ने कहा कि भारत सरकार हज 2025 को आरामदायक बनाने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ रही है।

मौसम

प्रदेश भीषण गर्मी और लू का असर बना हुआ है। पिछले चौबीस घंटे के दौरान इंदौर, नर्मदापुरम, उज्जैन, ग्वालियर, जबलपुर और सागर संभागों के जिलों में तापमान सामान्य से ज्यादा बना रहा है। सबसे अधिक तापमान 42 डिग्री सेल्सियस से ज्यादा धार, रतलाम, खंडवा, गुना और नर्मदापुरम जिलों में दर्ज किया गया। वहीं, सबसे कम तापमान 18 डिग्री सल्सियस पचमढ़ी में रहा। मौसम विभाग के अनुसार, प्रदेश में अगले दो दिन तक तेज गर्मी और लू से थोड़ी राहत मिलने की उम्मीद है।

समाचार संक्षेप में :–

- कर्नाटक के राज्यपाल थावरचंद गेहलोत ने हनुमान जयंती के अवसर पर आज नीमच जिले के प्रसिद्ध श्री संकट मोचन हरकियाखाल बालाजी मंदिर में भगवान बालाजी के दर्शन कर ,पूजा अर्चना की।

- जबलपुर में आईपीएल मैच के दौरान सट्टा खिलाने वाले तीन आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। जिले के कटंगी–पाटन बाइपास पर एक घर में चल रहे सट्टे के अड्डे पर छापेमारी की गई। मौके से आठ मोबाइल फोन, एक लैपटाप और 33 हजार 500 रुपये नकद जब्त किए गए हैं।

- आगरमालवा कलेक्टर निर्देश पर कृषि एवं राजस्व विभाग क अधिकारियों ने नरवाई जलाने वाले किसानों के खेतों का मौका मुआयना कर अर्थदण्ड लगाने की कार्यवाही की है। जिले के ग्राम जमुनिया में पाँच किसानों पर 25 हजार रूपये का जुर्माना लगाया गया है।

नमस्कार।